## संक्षिप्त

### सूरज सैनी का स्वागत किया

**निवाई।** माली समाज के आरक्षण के मामले में जेल से रिहा होने पर सूरज सैनी के निवाई पहुंचने पर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष राम अवतार सैनी के नेतृत्व में समाज के युवाओं और समाज के लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान सब्जी मंडी से सैकड़ों युवा मोटरसाइकिल पर वाहन रैली के रूप में अहिंसा सर्किल, पुलिस थाने के सामने होते हुए, कुण्डों, जमात जमात होते हुए कालू पटेल की ढाणी पहुंचे। इस दौरान माली समाज के युवाओं द्वारा जमकर नारेबाजी की। इस दौरान दीपक गंगाडा, पूर्व पार्षद रमेश सैनी, मूलचंद सैनी, राजेश कनेसर, लालचंद गंगाडा, पार्षद शंकर लाल सैनी, सुरेंद्र सैनी, मनोज सैनी, सीताराम कटारा, छोटू दीया सहित सैकड़ों समाज के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### निशुल्क मेडिकल शिविर 25 को

**खैरथल,(निसं)।** विख्यात संत स्वामी हिरदाराम (पुष्करराज) के 117वें जन्म दिन पर नेत्र एवं जनरल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रभारी राजकुमार केसवानी ने बताया कि 25 सितंबर को जीव सेवा समिति की ओर से खैरथल में अर्जुन हॉस्पिटल ऐंड डायग्नोस्टिक (गुरनानी) में सहाय हास्पिटल मोती डूंगरी जयपुर के सहयोग से नेत्र एवं जनरल चिकित्सा शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में 13 सितंबर से विभिन्न तरह के जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### उप कारागृह का निरीक्षण किया

**मालपुरा, (निसं)।** जिला कलेक्टर के आदेशानुसार गुरूवार को मालपुरा एसडीएम आरके वर्मा ने अजमेर रोड स्थित उपकारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जैल प्रभारी जैलर से व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई तो सजायाप्ता बंदियों के लिए पानी की समस्याए सामने आई। जिस पर एसडीएम ने मौके पर ही जलदाय विभाग के एक्सईन कोमल सिंह को उपकारागृह मे पानी की समस्या समाधान के निर्देश दिये गये। एसडीएम ने बंदियों के बैरीक व भोजन व्यवस्था का जायजा ले आवश्यक निर्देश दिये। तो बंदियो से संवाद के पानी की समस्या को छोड शेष सभी व्यवस्थाए माकुल होना सामने आया।

### 8 क्विंटल चारा गौ-सेवकों को सौंपा

**निवाई।** गांव रजवास में लम्पी रोग से पीडित गौ-माता का आयुर्वेदिक दवाईयों से निर्मित लड्डू खिलाए गए। भाजपा नेता सतीश चन्देल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 8 क्विंटल चारा गौ सेवकों को सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गौ-वंश पर संकट आया हुआ है ऐसे समय में सभी लोगों को आगे आकर गो सेवा में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर रामलाल शर्मा, मदनलाल सैनी, शंाकर काका, पूर्व सरपंच शंभू शर्मा, सुरेन्द्र कसाणा, हनुमान गुर्जर, राजेन्द्र चावला, रामलाल सहित अनेक लोग मौजूद थे। इसी प्रकार गांव जौला स्थित जगन्नाथ गौशाला में भी भाजपा नेताओं ने गायों को चारा खिलाया तथा आयुर्वेदिक के लडडू भी खिलाए।

### ट्रांसफार्मर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** बरोनी पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरोनी थाना प्रभारी हरिराम ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता धर्मसिंह मीणा ने 31 जुलाई को ट्रासफार्मर चोरी का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने चोरी का खुलासा करने के लिए टीम गठित की। टीम ने उक्त मामले में फरार चल रहे आरोपी तेजमल माली निवासी बम्म्बोर को गुरूवार को टीम ने मुखबीर की सूचना पर उक्त घटना के एक आरोपी को 30 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था।

### मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**राजगढ़, (निसं)।** अलवर राजगढ़ टहला मार्ग पर गेट नंबर 140 पर विगत रात्रि को मालगाड़ी ट्रेन से कटकर अज्ञात कारणों के चलते एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामा वाला कुआं निवासी गोविंद पुत्र बाबूलाल सैनी उम्र 24 वर्ष की विगत रात्रि को फाटक पर मालगाड़ी से टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी।

# शीतलामाता की पदयात्रा में जा रही बालिका की रोडवेज बस की टक्कर से मौत

- गुस्साए लोगों ने बस को किया आग के हवाले, हाईवे किया जाम
- प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा एवं सरकारी योजनाओं का लाभ देने के आश्वासन के बाद हाईवे से हटे



हादसे के बाद लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के एनएच-12 टोंक लाखावास बाईपास पर शाम करीब 5 बजे शीतला माता की पदयात्रा में जा रही 17 वर्षीय बालिका की रोडवेज बस से टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद गुस्साए आसपास के लोगों और पद यात्रियों ने बस को आग के हवाले करके, बालिका का शव बीच सड़क पर रखकर हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे। वहीं बस का आगे की तरफ का हिस्सा जलना शुरू हुआ तो बस में सवार यात्रियों में जान बचाने के लिए अफरा-तफरी मच गई। उसके बाद सवार चालक व यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाने की मशक्कत की। वही रोड़ के बीच मे बच्ची के शव व बस के जलने से दोनों तरफ लम्बा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर चाकसू एसडीएम अशोक कुमार रिणवा, एसीपी केके अवस्थी, एडीसीपी भरत लाल, शिवदासपुरा थाना प्रभारी हरिपाल सिंह, चाकसू थानाधिकारी यशवंत सिंह यादव मय जाप्ते सहित कई अधिकारी पहुंचे और समझाइश शुरू की।

प्रशासनिक अधिकारियों से प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजे के साथ रोडवेज बस चालक के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की जिस पर मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश करते हुए मृतक के परिवार को उचित मुआवजे के साथ चिंरजीवी योजना सहित सरकारी योजनाओं का भरोसा दिलाया। जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे लोग जाम हटाने के लिए राजी हुए। मौके पर मौजूद पुलिस में शव को चाकसू उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में एंबुलेंस की मदद से भिजवाया। इस दौरान करीब 2 घंटे तक हाइवे जाम रहा।चाकसू थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव ने बताया कि बाईपास पर शीतला माता जा रही पदयात्रा के दौरान जयपुर से टोंक के लिए जा रही रोडवेज बस की चपेट में आने से बस्सी क्षेत्र की ग्राम ग्राम पंचायत फतेहपुर के ग्राम रूपरा निवासी लल्लू लाल मीणा की 17 वर्षीय पुत्री अक्षिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने हाइवे जाम कर दिया था। वहीं प्रशासन ने आक्रोशित लोगों को समझाइश की उन्हें विधिवत सहयोग राशि व अन्य सहायता दिलवाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण माने और मृतक बच्ची के शव को उठाकर मोर्चरी में रखवाया और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सीदडा में बरसात से ढहा कुआं



गांव सीदडा की नोहरा वालों की ढाणी में बारिश से ढहा हुआ कुआं।

**निवाई।** गांव सीदडा की नोहरा वालों की ढाणी में बारिश के चलते एक कुआ ढह गया। पंचायत समिति सदस्य रामकिशोर मीना ने बताया कि कुएं के ढहने से पप्पूलाल मीणा के मकान में दरारें आ गई।

मकान भी ढहने के कगार पर है। सीदडा में भोलाराम, शंकर, रामअवतार, कानाराम, कालू, सीताराम मीणा आदि का सम्मलित कुंआ बारिश के कारण जमीदोज हो गया। कुएं में लगी विद्युत मोटर पाईप सहित गिर गए, लेकिन पास ही लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ओर पप्पूलाल मीणा का मकान बाल बच गया। ग्रामीणों की सूजबुझ से तुरन्त जेसीबी एवं ट्रेक्टरों से ढहे कुएं में मिट्टी भरकर ग्रामीणों ने बचाव और राहत कार्य जारी रखा।

## लम्पी संक्रमण पर विधानसभा का घेराव आज

**चौमू/कालाडेरा, ( निसं)।** चौमू गौरक्षा संघर्ष समिति की ओर से लम्पी मामले में चौमू की जनता राजस्थान विधानसभा का घेराव करेगी। समिति के संयोजक शंकर गोरा ने बताया कि शुक्रवार को राधास्वामी बाग से प्रात: 8 बजे रवाना होकर 10:30 बजे शहीद स्मारक पर रैली आरंभ होगी। शहीद स्मारक से चौमू हाऊस होते हुए विधानसभा के लिए कूच करेगी।

गोरा ने कहा कि सरकार की कमियों का नतीजा है कि देश में सबसे ज्यादा गाय राजस्थान में संक्रमित हुई है। देश की तुलना में राजस्थान में संक्रमित गायों की संख्या ज्यादा है। प्रदेश में लाखों गो-वंश काल का ग्रास बन चुकी है। पशुपालकों के गो-वंश ख़त्म होने की कगार पर है। सरकार आँखें मूँद कर सो रही है। सरकार को लम्पी संक्रमण से पशुपालकों के नुकसान के लिए सरकार को पशुपालकों को मुआवजा देना चाहिए। गो-शालाओ में विशेष अनुदान सरकार को देना चाहिए जिससे लम्पी बीमारी पर काबू पाया जाए पशु चिकित्सकों को बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया जाना चाहिए अधिकांश पशु चिकित्सक शहरी क्षेत्रों में लगे हुए हैं। इन सभी मांगों को लेकर विधानसभा घेराव किया जाएगा।

## सांभर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने की दरकार

- माह में 15 दिन होती है पेयजल सप्लाई

**सांभरझील।** सांभर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शाम को की जाने वाली पेयजल सप्लाई के समय में बदलाव किए जाने के लिए सांभर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने इसके लिए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। इसके अलावा हमालों की गली में अपर्याप्त पेयजल सप्लाई को सुचारू किए जाने के लिए भी अनुरोध किया है।

उल्लेखनीय है कि सांभर में सुबह शाम दो चरणों में पेयजल सप्लाई की जा रही है।जलदाय विभाग की ओर से शाम 5:45 बजे पेयजल सप्लाई किये जाने के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद करवा दी जाती है, इस दौरान करीब 1 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहने से शाम के वक्त काफी अंधेरा हो जाता है, आम नागरिकों व दुकानदारों को काफी परेशानी होती है व पानी भरने में भी मुश्किल होती है। इसके लिए शाम को 5 बजे से पेयजल सप्लाई शुरू किए जाने की जरूरत बताई जा रही है ताकि अंधेरा होने से लोगों को परेशानी न झेलनी पडे।

इसके अलावा हमालों की गली में विगत चार-पांच माह से काफी कम मात्रा में पेयजल सप्लाई हो रही है जिससे लोगों को अपने दिनचर्या को अंजाम देने के लिए निजी टैंकरों से माह में दो बार पानी मंगवा कर काम चलाना पड़ता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक मोहल्ले ऐसे हैं जहां पर कम प्रेशर से व अपर्याप्त पानी की सप्लाई होना बताया जा रहा है। भगवान चारभुजा नाथ गली व इस मोहल्ले में रहने वाले लोगों को तो विगत कई दशकों से यह समस्या आज भी पीछा नहीं छोड़ रही है।

एडवोकेट गौरव कुमार उपाध्याय व समाजसेवी तरुण कुमार उपाध्याय ने बताया कि अनेक दफा इस विकट समस्याओं को दूर किए जाने के लिए राजनेताओं व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं तथा इस हैतु औपचारिकता निभाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने मौका भी देखा था लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा आज तक मोहल्लेवासियों को कुछ भी हाथ नहीं लगा है। इस मामले में विभागीय कनिष्ठ अभियंता ओपी वर्मा से बात करने पर बताया कि यदि किसी मोहल्ले में कम पानी पहुंच रहा है तो उसकी जांच करवा लेंगे तथा आगामी 1 तारीख से पेयजल सप्लाई के समय में बदलाव करवा दिया जाएगा।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर।** रतनपुरा ग्राम में सूरज कुमावत व उसके पिता राजेंद्र प्रसाद कुमावत को कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर घायल करने के आरोपी हेमराज कुमावत को श्रीमाधोपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थानाधिकारी प्रकाश सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार रतनपुरा निवासी राजेंद्र प्रसाद कुमावत द्वारा दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा था कि गत 24 अगस्त को आरोपी हेमराज कुमावत मेरी पुत्रवधू के साथ मेरे घर के सामने किसी लांछन को लेकर झगड़ा कर रहा था।

उसी समय मेरा पुत्र सूरज उनकी आवाज सुनकर उठकर बाहर आया तो मेरा पड़ोसी हेमराज कुल्हाड़ी लेकर खड़ा था, मेरे पुत्र ने पूछा कि मेरी भाभी से झगड़ा क्यों कर रहे हो तो हेमराज ने बिना कुछ पूछे मेरे पुत्र को जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से पीठ पर वार करना शुरू कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। उनकी आवाजें सुनकर राजेंद्र प्रसाद कुमावत भी बाहर आया व बीच बचाव करने लगा तो हेमराज ने मेरे भी अंगुली पर कुल्हाड़ी से वार कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की एवं सीकर पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप, नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव व रींगस वृता अधिकारी कन्हैया लाल के निर्देशन में विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में कैलाश चंद्र व जय प्रकाश उपनिरीक्षक तथा मुनेश कुमार कांस्टेबल शामिल थे।

## लोकसभा प्रवास योजना लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित स्वर्गीय मूलचंद कॉलेज के सभागार में आयोजित लोकसभा प्रवास योजना लाभार्थी सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय पशुपालन डेयरी और मत्स्य राज्यमंत्री डॉ संजीव बालियान ने कहा कि आगामी लोकसभा 2024 का चुनाव मोदी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर आधारित रहेगा।

राज्य मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोकसभा प्रवास योजना लाभार्थी सम्मेलन का आगाज किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद राज सभा सांसद सहित विभिन्न वक्ताओं द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सम्मेलन कार्यक्रम को संयुक्त रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान एवं दोसा लोकसभा सांसद जसकौर मीणा ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद द्वारा संबोधन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों एवं जन विरोधी मंशा बताते हुए विफल सरकार भी करार दिया गया। कार्यक्रम को राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा द्वारा एवं लोकसभा प्रवास योजना लाभार्थी सम्मेलन को संयोजक भाजपा नेता सतपाल मीणा एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे रामविलास मीणा डूंगरपुर आदि द्वारा भी संबोधित किया गया।

इससे पहले केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान लोकसभा सांसद जसकौर मीणा राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा आदि का डूंगरपुर डीडवाना ज्योतिबा फूले सर्किल आदि जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मंडावरी राहुवास रामगढ़ पचवारा दौलतपुरा लालसोट आदि सभी मंडलों के अध्यक्षों द्वारा गर्म जोशी से विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया.. कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार में पूर्व राज्य मंत्री रहे भूपेंद्र सैनी, टीकम सिघ गुर्जर, सोमेश विजय, पूर्व आईएएस बृजमोहन मीणा, पूर्व चेयरमैन प्रेम प्रकाश चौधरी, एडवोकेट बृजमोहन हाडा, अनिल बैनाडा, रवि हाडा, सुमन मीणा खुर्रा, हरकेश मटलाना, चंद्रशेखर सोनी, रूपसिंह मीणा सुरतपुरा मुरारी लाल डोई आदि भाजपा नेता एवं विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष कमल मीणा मंडावरी, बलराम बेरवा,राजेन्द्र स्वामी, लड्डू राम मीणा भंवर सिंह राम खिलाड़ी मीणा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'गोवंश को बचाने के लिए भामाशाह, सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा'

- अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने सार्वजनिक गौशाला का निरीक्षण किया



अलवर स्थित बुध विहार कांजी हाउस सार्वजनिक गौशाला में पहुंच कर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने निरीक्षण किया और निर्देश दिये।

**अलवर, (निसं)।** अलवर स्थित बुध विहार कांजी हाउस सार्वजनिक गौशाला में पहुंच कर अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी के द्वारा लंपी डिजीज उपचाराधीन गोवंश वार्ड का एक बार पुन. बुधवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा पूर्व निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए गए। निर्देश के संबंध में की गई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को हरसंभव सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लंपी बीमारी के संदर्भ में वह निरंतर अलवर जिले से जुड़े समस्त पशु चिकित्सा केंद्र व सार्वजनिक गौशालाओं के संपर्क में है और आवश्यकता बीमारी की रोकथाम में उपयोगी दवाई उपकरण चिकित्सा सहित अन्य आवश्यकताओं के संबंध में राशि भी जारी कर चुके हैं। यदि अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी तो वह इसके लिए भी हर संभव मदद के लिए प्रयास करेंगे।

इस दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार के गैर जिम्मेदार रवैये पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि लाखों की संख्या में राजस्थान में गोवंश की बड़ी हानि हुई है, यदि सरकार समय पर कदम उठा लेती तो राज्य के पशुपालकों को इतना बड़ा नुकसान नहीं उठाना पड़ता, सरकार की निष्क्रियता के कारण राजस्थान में गोवंश पर बड़ा संकट पैदा हो गया है। वर्तमान में लंपी संक्रमण को देखते हुए, हम सभी को अधिक से अधिक सेवा और सहयोग के भाव रखते हुए गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने उन गौ सेवकों सामाजिक संगठनों का आभार भी व्यक्त किया जो निरंतर निस्वार्थ जीव सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं।

## कानूनी जंग जीत मां को मिला बेटा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रंजना सर्राफ ने एक महत्वपूर्ण प्रकरण में गुरूवार को नाबालिग बच्चे को मां को सुपुर्द करते हुए पुलिस संरक्षण में मां के साथ मदनगंज किशनगढ़ भेजने के आदेश दिए हैं। अपर लोक अभियोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि जुगलपुरा कांवट निवासी मीरा ने गार्जियन एण्ड वार्ड एक्ट में पुत्र आशीष उर्फ अंकित की सुपुर्दगी के लिए अपर सेशन न्यायाधीश की अदालत में आवेदन दिया कि उसकी हनुमानगढ निवासी बल्लाराम के साथ 1995 में शादी हुई। शादी के बाद वर्ष 2003 में पुत्री विशाखा व वर्ष 2005 में पुत्र आशीष उर्फ अंकित का जन्म हुआ एवं जून 2013 में पति बल्लाराम की मौत हो गई थी। पुत्र आशीष उर्फ अंकित को हनुमानगढ़ दादा ने रख लिया और पुत्री विशाखा मां के साथ रहने लगी। पुत्र को सुपुर्द नहीं करने पर यह आवेदन लगाया था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाया मां मीरा की ओर से गिरीराज शर्मा ने पैरवी की।

## सार-समाचार

### युवाओं का स्वागत किया

**मंडावरी, (निसं)।** सैनी माली समाज द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर जयपुर कुछ के बाद रात्रि में अज्ञात कारणों को लेकर पुलिस द्वारा माली सैनी समाज के युवाओं पर लाठीचार्ज करने के बाद गिरफ्तार किए गए युवकों को रिहा किया गया है। आरक्षण की मांग को लेकर जयपुर पहुंचे युवाओं की गिरफ्तारी के बाद सैनी माली समाज का विरोध प्रदर्शन सहित प्रशासनिक स्तर पर ज्ञापन देने का सिलसिला तेज हुआ था। इस मामले को लेकर कई जगहों पर माली सैनी समाज की बड़ी बैठकर एवं सामाजिक स्तर पर विचार-विमर्श सहित मंथन का दौर भी जारी था। वही इस आरक्षण आंदोलन की मांग के दौरान हुई झड़प में गिरफ्तार युवाओं की अब रिहाई का दौर शुरू हुआ है। वहीं मंडावरी कस्बे में सैनी माली समाज के गिरफ्तार युवाओं की रिहाई के बाद नगर पालिका क्षेत्र पहुंचने पर समर्थकों द्वारा गर्मजोशी के साथ भी स्वागत किया गया। माली सैनी समाज के गिरफ्तार लोगों को रिहाई के सिलसिले के बाद अब चर्चा का विषय बना हुआ कि माली सैनी समाज द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन ज्ञापन आदि के दौर के बाद सरकार एवं प्रशासन बैकफुट पर आया है एवं संभावित बड़े विरोध प्रदर्शन को देखते हुए अब गिरफ्तार लोगों को रिहा कर डैमेज कंट्रोल में जुटा हुआ है।वहीं दूसरी और मंगलवार को माली सैनी समाज के लोगों द्वारा उपखंड मुख्यालय पर आरक्षण मुद्दे एवं गिरफ्तार समाज के लोगों को रिहा कराने को लेकर भी मंथन बैठक आयोजित की गई थी।

### वि.हि.प. की बैठक आयोजित

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कालख बांध स्थित श्रीबालाजी के मन्दिर परिसर में प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, सहमंत्री विवेक कुमार, जिलाध्यक्ष शिवजीराम कुमावत मंत्री विष्णु कुमार सैन के सानिध्य में जिला सह संयोजक राजेश कुमावत की उपस्थिति में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से फुलेरा, सांभर, नरैना व जोबनेर प्रखण्ड की परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति की समितियों का गठन किया गया। जिसमें जिला समिति में समरसता प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, धर्मयात्रा महासंघ प्रमुख के पद पर जोरावर सिंह को, फुलेरा प्रखण्ड समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष के पद पर वेदप्रकाश पारीक को तो मंत्री के पद पर अभिमन्यु कुमावत को मनोनीत किया गया है। वहीं सहमंत्री के पर दीपक कुमार को, धर्मप्रसार मन्त्री के पद पर महेन्द्र, संयोजक के रूप में दीपक सैनी, सह संयोजक कार्तिक कुमावत व मातृशक्ति संयोजिका कमला देवी को बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को उनके परिचितो व रिश्तेदारों ने व्यक्तिगत एवं मोबाइल पर बधाइयां और शुभकामनाएं की है।

### आज 5 घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी व शहर फिडर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत ने बताया कि 23 सितंबर शुक्रवार को सुबह 6 से 11 बजे तक 33/11 केवी जीएसएस तीजावाला जोहड़ा व एफसीआई गोदाम, खेड़ी, निमड़ावाली, बस्सी, श्रीमाधोपुर से निकलने वाले फीडर हॉस्पिटल रोड़, चोपड़बाजार, अनाज मंडी, जीणमाता, गणेश मंदिर, कचियागढ, कोर्ट फीडर,11 केवी जालपाली सीटी, खेड़ी, जाजोद, ढाल्यावास, जानकीपुरा, रानीपुरा, कांसरड़ा, विजयपुरा, बल्लूवाली, रलावता, जयरामपुरा, कल्याणपुरा, नांगल भीम, होल्याकाबास, हांसपुर व इनके आसपास का एरिया सीकर बाजार, चोपड़ बाजार, रींगस बाजार, खण्डेला बाजार, सुराणी बाजार, अनाज मंडी नवोड़ी कॉलोनी, सुखसागर कॉलोनी, महावीर दल, मीणों का मोहल्ला बाईपास रोड़, एम जी कॉलेज, डेरारामसागर, रेल्वे स्टेशन, श्याम कॉलोनी, जीणमाता, सुराणी बाजार, कचियागढ गढ, पुष्पनगर, हरिजन मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, मंगल कॉलोनी, सब्जी मंडी, सुतलियो की ढाणी, गणेश कॉलोनी क्षेत्र कि विधुत सप्लाई सुबह पांच घंटे तक जीएसएस मेंटेनेंस व रख रखाव के कारण पांच घंटे बंद रहेगी। विधुत कटौती से होने वाली असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया हैं।

### किशोरी उत्सव का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किशोरी उत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार श्रीमाधोपुर क्षेत्र के सभी विद्यालयों की बालिकाओं द्वारा किशोरी उत्सव मनाया गया जिसमें बालिकाओं ने अनेक प्रकार के प्रोजेक्ट, पोस्टर, मॉडल्स आदि के द्वारा अनेक प्रकार की क्रियात्मक एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। बालिकाओं ने पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, सौरमंडल का 3 डी मॉडल, आदर्श विद्यालय का मॉडल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत सामग्री तैयार किए गए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण एवं घरेलू नाकारा सामान से उपयोगी सामग्री बना कर सजावटी वस्तु का निर्माण किया गया। विद्यालय के किशोरी उत्सव का अवलोकन अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, बालिका विद्यालय प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह शेखावत , डॉक्टर माधव सिंह, पूर्व वैज्ञानिक व लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी तथा श्री श्याम सेवा समिति के सदस्यों ने अवलोकन किया।

### गौशालाओं में लंपी की दवा वितरित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भाजपा किसान मोर्चा श्रीमाधोपुर शहर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष गुलशन चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को श्रीमाधोपुर स्थित बाबा ब्रह्मचारी आश्रम गौशाला व श्रीकृष्ण गौशाला में गायों को लम्पी रोधी दवा वितरित की गई व गोशाला में हाइड्रोक्लोराइड का छिड़काव किया गया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व श्रीमाधोपुर प्रभारी कर्मवीर सिंह घोसल्या सहित सुनील खटकड़, अजित घोसल्या, महिपाल मंगावा, मुकेश जाखड़, शिवपाल, फूलचंद, दिनेश, शहर उपाध्यक्ष राहुल कसेरा, सुनील स्वामी, राहुल सोनी,निखिल, मोहित, प्रवीण कुमावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम ढाबावाली के कार्यकर्ता स्नेक एक्सपर्ट गौतम शर्मा, विक्की शर्मा, रोहिताश वर्मा,बलदेव वर्मा सहित कई कार्यकर्ता लंबी से ग्रसित गौमाता को देसी जड़ी बूटी का काढ़ा खिलाया उनकी देखरेख की।

### चोरों ने लेपटॉप अन्य सामान चुराया

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनारा में चोर प्रधानाचार्य कक्ष का दरवाजा मरोड कर लेपटॉप, डीवीआर कम्पलीट सिस्टम चुरा ले गए। प्रधानाचार्य रामेश्वरलाल मीणा ने सदर थाने में चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज करवाई गई। प्रधानाचार्य मीणा ने बताया कि 18 सितम्बर की रात को चोर विद्यालय के अन्दर घुस गए और प्रधानाचार्य कक्ष का दरवाजा मोडकर कमरे में घुस गए और उसमें रखा हुआ लेपटॉप, राउटर वाईफाय, डीवीआर कम्पलीट सिस्टम चुरा ले गए। सोमवार को सुबह 6 बजे गांव वालों ने विद्यालय में चोरी होने की सूचना दी।इस मामले में सदर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

### जेल परिसर में पौधे रोपे

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार खण्डेलवाल के नेतृत्व में जेल परिसर के अन्दर गुलाब के 15 पौधा का पौधारोपण किया। पूर्व में भी जेल परिसर में 51 फूलवाले पौधों का पौधारोपण किया जा चुका हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक संजय यादव रहे व विशिष्ठ अतिथि स्वतन्त्रता सेनानी क्रान्ती चन्द मोदी व कार्यक्रम की अध्यक्षता रतन लाल चौधरी पूर्व बैंक प्रबन्धक ने की। आज पौधारोपण करते समय जेलर रोहित कौशिक, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजेश मीणा व प्रहरी नरेन्द्र बैरवा, शिवराज सैनी, तेजसिंह, सचिन, विजय कुमार, धनीराम, दौलतराम एवं जेल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजाराम निर्विरोध अध्यक्ष बने

**निवाई।** बडगांव ग्राम सेवा सहकारी समिति बडागांव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजाराम गुर्जर अध्यक्ष व घासीलाल गुर्जर उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। सदस्य के रूप में खुशीराम गुर्जर, हंसराज गुर्जर, रूपसिंह गुर्जर, कमला देवी, रामस्वरूप वर्मा, भरतराज मीणा, रामकेश गुर्जर, गोपीलाल गुर्जर व मुकेश गुर्जर चुने गए। सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया एवं पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव संपन्न

**सांभरझील।** लूणवा ग्राम सेवा सहकारी समिति में गुरवार को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न कराए गए। क्षेत्र की लूणवा ग्राम सेवा सहकारी समिति सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग कर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को चुना। ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक तुलछीराम व भवरलाल ने बताया कि लूणवा सहकारी समिति में निर्वाचन अधिकारी श्रीराम चौधरी ने चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाये।